केवल मेडिकल व्यवसायियों के लिए
सभी देशवासियों को नववर्ष, लोहड़ी, सकट चौथ, मकर संक्रान्ति व गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
# PHARMA NEWS
Editor- Brejesh Kumar Garg www.medicaldarpan.com Monthly News Paper
B.N. Medical Complex, Bulandshahr (U.P.) Postal Reg. No. BSR 37/2018-2020 RNI UPBIL/2007/27885
Year 13 | Issue 06 | D.O.P. 10 Jan. 2020 | Pages 08 | ₹10/- Per Copy | 09410434811, medicaldarpan.ctp@gmail.com




## CDFUP के प्रदेश संगठन मंत्री का जोरदार स्वागत

जनपद कासगंज एवं केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन उत्तर प्रदेश के संगठन मंत्री आदरणीय **श्री सुधीर अग्रवाल जी, मो॰ 9415240891** अलीगढ़ के **अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सिंह (टिल्लू) मो॰ 9927544004** गोरखपुर के **अध्यक्ष योगेंद्र नाथ दूबे मो॰ 9580155061** एवं बस्ती के **अध्यक्ष श्री राजेश सिंह जी मो॰ 9919183850** व अलीगढ़ के **कोषाध्यक्ष शिव शंकर शर्मा मो॰ 9897202054** का भव्य स्वागत कासगंज के **अध्यक्ष श्री प्रदीप कुमार सिंह मो॰ 9927087318** एवं **महामंत्री श्री प्रदीप कुमार (टीटू) जी मो॰ 9917221055** एवं अन्य व्यापारियों द्वारा माननीय प्रदेश संगठन मंत्री जी का जोरदार स्वागत किया गया तथा बहुत सारे विषय पर वार्ता हुई.

– **देवेश निगम, मो॰ 8187961053**

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने दी पैथोलॉजी लैब के प्रबंधक एवं संचालकों को चेतावनी

प्राप्त जानकारी अनुसार जनपद गाजियाबाद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी पैथोलॉजी लैब के प्रबंधक एवं संचालकों को एक पत्र के माध्यम से यह चेतावनी दी हैं कि समस्त पैथोलॉजी लैब यह सुनिश्चित करें कि मरीज को खून Vial मे कदापि न दें. यदि किसी अन्य पैथोलॉजी से खून की जाँच कराना आवश्यक हो तो अपने स्तर से ही खून की जाँच सुनिश्चित करें. किसी भी दशा में खून मरीज को उपलब्ध न करायें क्योंकि शासन के निर्देशानुसार ऐसा करना दंडनीय अपराध है. क्योंकि इसका दुरुपयोग संभव है. **मो॰ 8430386687**




## नया उत्पाद



देश की अग्रणी दवा निंमाता कम्पनी Puremed Biotech Sco No-6 Opp. City Look Hotel Sai Road Baddi, Pin Code- 17320 (H.P.) **Mob:- 9736701313 E-mail - puremed-bibtech@gmail.com** की Div. D.C.G I Formulations ने Purikast-LA Tab (monilucast 10mg+Livocetetriziore 5mg+Ambroxol.hcl(sr) 75mg Tab.) भारतीय दवा बाजार में प्रस्तुत की है. कम्पनी अनुसार यह दवा एलर्जी, खांसी में अत्यन्त उपयोगी है इसकी Mrp. 180/10 Tab. है.

## Government of India Directorate General of Health Services Central Drugs Standard Control Organization

**Subject:-** Implementation of PGA e-SANCHIT Paporless Processing under SWIFT-Uploading of Licenses/Permits/Certificates/Other Authorizations (LPCOs) by PGAs reg. This is in continuation to the notice of even file no dated 29.01 2019. 11 06.2019 14.06.2019 and 25 06 2019, wherein all beneficiaries e Stakeholders / Importers / Exporters, Customs House Brokers transacting with Customs were requested to get registered on ICEGATE and to furnish details of IEC /GSTN code along with the email id registered with ICEGATE to this office for implementation of e-SANCHIT In view of above. it is observed that most of the beneficiaries i.e Stakenolders / Importers / Exporters. Customs House Brokers transacting with Custorns are not registered with ICEGATE till date Therefore. all beneficiaries i e Stakenowers / Importers / Exporters. Customs House Brokers transacting with Customs are once again requested to get registered immediately on ICEGATE and to furnish details of IEC /GSTN code along with the email id registered with ICEGATE as well as contact details of the concerned persons to this Directorate at email import.reoist@cdno.nicin by that the information can be further shared with other offices of CDSCO for seamless implementation of e-SANCHIT. It may be noted that in case the beneficiaries do not register and not provide IEC/GSTN code to this Directorate. it can affect issuance of LPCOs by this Directorate or any other offices of CDSCO\IL;

**(Dr. V. G. Somani), Drugs Controller General (I)**








## दवा व्यापारी के लिये आवश्यक सूचना

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्विस कंपनी नोवार्टिस के पेटेंट समाप्त होने के उपरांत मधुमेह की प्रमुख दवा को भारत मे 15-20 कंपनियां लाने जा रही हैं. एक अनुमान के मुताबिक इनका मूल्य पूर्व के ब्रांड्स के मुकाबले आधा रहने की संभावना है. अतः समस्त दवा व्यापारियों से आग्रह है कि सावधानी पूर्वक इन दवाओं का भंडारण करें. – **सुमित पावा, मो॰ 7084000070**

www.medicaldarpan.com




## कई सालों में करोड़ों का हेर-फेर कर चुके हैं महामंत्री सुरेश गुप्ता – सुधीर अग्रवाल

ध्यान दें CDFUP में गुटबाजी चरम पर है. सभी नेता एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप की बौछार करने में लगे हुए हैं. इनमें एक तरफ प्रदेश संगठन मंत्री है CDFUP के सुधीर अग्रवाल जी मो॰ 9415240891 तो दूसरी तरफ है यूपी के प्रदेश महामंत्री सुरेश गुप्ता जी-9811668289 एंड पार्टी अब CDFUP में गुटबाजी साफ तौर पर दिखाई देने लगी है. जहां सुरेश गुप्ता जी व उनके साथी संगठन मंत्री सुधीर अग्रवाल जी पर बहुत सारे गंभीर आरोप लगाते हुए संगठन से उनके निष्कासन की बात कर रहे हैं वहीं पलटवार करते हुए सुधीर अग्रवाल जी व उनके सहयोगियों ने भेलूपुर के एक होटल में प्रेस वार्ता के दौरान CDFUP के प्रदेश महामंत्री सुरेश गुप्ता जी पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए. उन्होंने बताया कि जो पैसा संस्था के नाम पर आता है उनके फर्जी बिल बनाकर सुरेश गुप्ता करोड़ों का हेरफेर कर चुके हैं. प्रदेश संगठन मंत्री सुधीर अग्रवाल ने बताया कि सुरेश गुप्ता के खिलाफ गाजियाबाद के थाने में आईपीसी की धारा 420 के तहत मुकदमा भी चल रहा है. फिलहाल सुरेश गुप्ता जमानत पर बाहर है सुधीर अग्रवाल ने बताया कि सुरेश गुप्ता का विवादों से पुराना नाता रहा है जो भी इनके खिलाफ चुनाव लड़ता है उसे संस्था से बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है. CDFUP संस्था को मान्यता देने वाली राष्ट्रीय संस्था AIOCD के अध्यक्ष जगन्नाथ शिंदे जी पूर्व में भी सुरेश गुप्ता से संस्था का लेखा-जोखा मांगा था उस पर भी अभी तक कोई जवाब नहीं आया जिससे AIOCD संस्था ने भी CDFUP से किनारा करने का मन बना लिया है तथा उन्होंने बताया कि उन्हें सुरेश गुप्ता जी को संगठन से हटाने की मांग की गई है इस पूरे प्रकरण को लेकर 12 जनवरी को वाराणसी में CDFUP के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक होने जा रही है. जिसमें सुरेश गुप्ता जी को सर्वसम्मति से संस्था से निष्कासित भी किया जा सकता है. इन आरोप प्रत्यारोपों के बीच आम दवा व्यापारी असमंजस में है कि कौन सही है कौन गलत है हम किस का साथ दें किसका नहीं और किसकी बात का विश्वास करें किसकी बात का नहीं.



## IMPORTANT GST RETURN DUE DATES

**GSTR 1 :Up to INR 1.5 Crore**

| Period (Quarterly) | Last Dates |
|---|---|
| October-December 2019 | 31st January 2020 |

**GST Return 1 More Than INR 1.5 Crore**

| Period (Monthly) | Last Dates |
|---|---|
| December 2019 | 11th January 2020 |

**GSTR 3B Form**

| Period (Monthly) | Due Dates |
|---|---|
| December 2019 | 20th January 2020 |

**GST Return 4 (CMP-08) Quarterly**

| Period (Quarterly) | Due Dates |
|---|---|
| October-Dec 2019 | 18th January 2020 |

**GST Return 5 Non-Resident Foreign Taxpayers**

| Period (Monthly) | Due Dates |
|---|---|
| December 2019 | 20th January 2020 |

**GST Return 5A NRI OIDAR Service Provider**

| Period (Monthly) | Last Dates |
|---|---|
| December 2019 | 20th January 2020 |

**GSTR 6 For Input Service Distributor**

| Return (Monthly) | Due Dates |
|---|---|
| December 2019 | 13th January 2020 |

**GSTR 7 for TDS Deductor**

| Return | Due Date |
|---|---|
| December 2019 | 10th January 2020 |

**GSTR 8 For TCS Collector**

| Return (Monthly) | Due Dates |
|---|---|
| December 2019 | 10th January 2020 |

**GSTR 9 FY 2017-18 (MoreThan 2 Crore)**

| Return Annually | Due Date |
|---|---|
| GSTR 9 ( Annual Return) | 31st January 2020 |

**GSTR 9A FY 2017-18 (More Than 2 Crore)**

| Return Annually | Due Dates |
|---|---|
| GSTR 9A (Composition Annual Return) | 31st December 2019 |

**GSTR 9 C FY 2017-18**

| Return Annually | Due Date |
|---|---|
| GSTR 9 C (GST Audit Form) | 31st January 2020 |






## क्लेम सेटल कर रहे हैं

Medley Pharmaceuticals Ltd. Ph.:- 022-30887777 Associate Vice President Supply Chain के अरशद जाफरी फोन नं॰ 022-30887777 ने AIOCD के महामंत्री राजीव सिंघल मो॰ 9425056394 को पत्र लिखकर सूचित किया है कि वे S.E Quaz से 3 जनवरी को हुई वार्तानुसार सभी क्लेम सेटल कर देंगे. – सतीश सेठी मो॰ 6396782575.

**महत्वपूर्ण सूचना**

प्रेस कार्ड केवल समाचार एकत्र करने के लिए होता है. प्रेस कार्ड धारक को समाचार भेजना आवश्यक है. प्रेस कार्ड रखने वालों को बस, ट्रेन, हवाई जहाज, टोल टैक्स आदि में कोई छूट प्राप्त नहीं होगी. समाचार न भेजने वाले का प्रेस कार्ड स्वयं ही निरस्त समझा जाएगा. प्रेस कार्ड बनवा कर आप उसका किसी भी प्रकार से गैरकानूनी रूप से प्रयोग न करें. अन्यथा आप दंड के भागी होंगे.

– मैडीकल दर्पण मीडीया हाऊस, मो॰ 9410434811

## ज्ञानोदय

कल के लिए सोचने वालों का काल कभी भी आ सकता है. इसलिए वर्तमान में जीना सीखें. अगर कोई भी कामना है तो माया से सामना नहीं रख सकते. यदि कोई आपकी कितनी ही निंदा क्यों न करें फिर भी कटु उत्तर देकर आप उस पर क्रोध न करें. इसी से आप जीवन में सुखी रहेंगे, समय वेस्ट करने वाले कभी बेस्ट नहीं बना सकते. भूतकाल में घटी घटनाओं पर सोचने की बजाय उनसे सीख कर आगे बढ़ना चाहिए. बीमारी उसी की सहचरी बनकर रहती है. जो परिश्रम से जी चुराने की नादानी करता है. समय का हर घंटा हमारे लिए उज्जवल भविष्य का संदेश लेकर आता है. सच्ची शिक्षा ज्ञान में नहीं तत्वों से पूर्ण श्रेष्ठ व्यक्ति में होती है.सच्ची शिक्षा अक्षर ज्ञान में नहीं श्रेष्ठ व्यक्तित्व में होती है. धर्म पथ पर पूरे मन प्राण से अग्रसर होना चाहिए. संसार स्वार्थ पूर्ण है तो क्या मुझको भी स्वार्थी बनना होगा? जगत की सारी स्वार्थपर्यता को सहन करते हुए हमें स्वार्थ रहित होना होगा, यही आदर्श जीवन है. मनुष्य अपने दिए को श्रम और आत्मविश्वास से ही प्राप्त कर सकता है, जो परिश्रम करता है हर प्रगति उसकी मुट्ठी में आ जाती है. सच्चा सहयोग तो श्रद्धा और विश्वास के आधार पर ही प्राप्त होता है.

– बलराम कुमार सैनी, मो॰ 09304956847

## रामभरोसे चल रहा जीवनज्योत अस्पताल

**पंजाब:–** प्रेस सचिव पंजाब केमिस्ट एसोसिएशन पटियाला श्री हंसराज मेहता मो॰ 9814132529 के द्वारा क्वालीफाई डॉक्टर के बगैर ही चल रहा है जीवनज्योत मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल. ड्राईवर और सहायक के द्वारा हीं मरीजो का उपचार हो रहा हैं. अस्पताल में मरीजों का इलाज हेल्पर के भरोसे ही चल रहा है. अस्पताल में जब स्वास्थ्य विभाग ने छापा मारा तब 13 मरीज भर्ती थे जिनमें से 5 मरीजों के ऑपरेशन भी हुए. स्वास्थ्य विभाग ने सहायक सिविल सर्जन डॉ. रमेश कुमार की अगुवाई में यहां छापेमारी कर कई खामियां उजागर कीं. अगर अस्पताल में ऐसा ही चलता रहा है तो मरीजों की जान भी जान सकती हैं. हांलाकि सिविल सर्जन डॉ. प्रभदीप कौर को लिखित शिकायत मिली थी कि जीवनज्योत अस्पताल में भारी कमियां चल रही हैं. स्वास्थ्य विभाग जब टीम अस्पताल पहुंची तब अस्पताल में न तो डॉक्टर था और न ही फार्मासिस्ट. लेबोरेट्री खुली थी, लेकिन उसमें कोई लैब टेक्निशियन नहीं था. अस्पताल के मैडीकल स्टोर में दवा वितरण करने के लिए फार्मासिस्ट भी नहीं था. जब स्वास्थ्य विभाग ने छापा मारा तब वहां हरपाल सिंह नामक व्यक्ति पहुंचा उसने खुद को अस्पताल का मालिक बताया. टीम ने उससे डॉक्टर न होने की पूछा तो उसने कहा है डॉक्टर शाम को आते हैं. टीम ने डॉक्टर का रिकॉर्ड दिखाने को कहा, पर हरपाल सिंह रिकॉर्ड नहीं दिखा पाएं. सहायक सिविल सर्जन ने डॉ. रमेश को कड़ी फटकार लगाते हुए चेतावनी दी. कि भविष्य में ये सब दोबारा ना दोराया ना जाएं.

## ठंड में कम पानी पीने के नुकसान

ठंड में पानी नहीं पीने से भी हिडाईड्रेशन होने की संभावना हो जाती है. एक अच्छी स्वास्थ्य के लिए रोजाना कम से कम 8 गिलास पानी जरूर पिएं. मौसम ने अचानक करवट ली है. बारिश और बादल ने तापमान 02 डिग्री सेल्सियस तक ला दिया है. ऐसे में ठंड पूरी तरह अपने रूप में आने लगी. चिकित्सक के अनुसार जैसे ही बाहरी तापमान गिर जाता है हमारे शरीर को पानी की जरूरत भी कम हो जाती है. आइए जानते हैं कि कम तापमान में भी शरीर के पानी को क्यों नियंत्रित करना जरूरी है और कितना पानी पीना जरूरी है. गर्मियों में तो 8-10 गिलास पानी पीना आसान होता है, जबकि सर्दियों में थोड़ा मुश्किल हो जाता है. एक रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य के लिए पानी पीना लाभदायक है. सर्दियों में जरूरी नहीं होता है कि आप एक बार में बहुत सारा पानी पी लें, लेकिन हां यदि आप हेल्दी और हाईड्रेटेड रहना चाहते हैं तो शरीर को जितने पानी की जरूरत होती है उतनी जरूर पिएं. इस बात को भी जानना जरूरी है कि आपको पूरे दिन में कब पानी पीना चाहिए- 1. सुबह उठने के बाद- सुबह-सुबह जितना पानी पी सकते है उतना पानी पीना चाहिए इससे हमारे विषाक्त पदार्थो को निकालने में मदद करता है. 2. खाने से पहले- खाने से 30 मिनट पहले पानी पीना पाचन के लिए काफी बेहतर होता है. ध्यान रहे खाने से तुरंत पहले या बाद में पानी नहीं पीना चाहिए क्योंकि पानी आपके शरीर डाइजेस्टिव जूस को डाइल्यूट कर देता है. 3. नहाने से पहले: नहाने से पहले एक गिलास पानी पीना ब्लड प्रेशर को नियंत्रण में रखता है. 4. सोने से पहले: सोने से एक घंटे पहले पानी पीने से आपको को कोई फ्लूइड लॉस नहीं होगा.






## वेटमेड बायोटेक कम्पनी पुरस्कृत




पुणे में 6 एवं 7 दिसम्बर को डेक्कन कालेज ग्राउन्ड में FARMA FAIR का आयोजन किया गया था. इस फार्मा फेयर में देश भर की 50 फार्मा कम्पनियों ने भाग लिया. देश के कई प्रांतों से इस फेयर को देखने के लिए व्यापारीगण आये. हरे माधव ग्रुप ऑफ कम्पनीज की सहयोगी कम्पनी वेटमेड बायोटेक को इस फार्मा फेयर में सम्मानित किया गया. महाराष्ट्र स्टेट फार्मेसी कौसिंल के रजिस्ट्रार श्री विजय पाटिल द्वारा स्मृति चिन्ह देकर वेटमेड बायोटेक के सी.ई.ओ. डॉ. प्रताप मोहन मो॰ 9736701313 भारतीय एवं श्रीमती प्रीति मोहन को सम्मानित किया. वेटमेड बायोटेक LEADER OF ANIMAL HEALTH CARE है. यह कम्पनी पशुओं एवं पेटकेयर के क्षेत्र में एक जाना माना नाम है.

## डॉ॰ हरमेश पुरी के सर पर सजा 10 वी बार नवांशहर मैडीकल कैमिस्ट एसोसिएशन का ताज

स्थानीय बंगा रोड पर स्थित एक होटल में आज जिला कैमिस्ट एसोसिएशन के सम्पन्न हुए चुनाव में डॉ॰ हरमेश पुरी को सर्वसम्मति से 10वीं बार प्रधान चुना गया. पंजाब कैमिस्ट एसोसिएशन के प्रधान सुरेन्द्र दुग्गल और जनरल सचिव जी.एस. चावला बतौर चुनाव अधिकारी अधिवेशन में उपस्थित थे. श्री रवि गौतम ने प्रधान पद के लिए डा॰ हरमेश पुरी के नाम पेश किया और समूह सदस्यों ने उनका अनुमोदन किया. किसी और प्रत्याशी का नाम न आने के कारण डा॰ हरमेश पुरी को सर्वसम्मति से प्रधान चुन लिया गया. इसी प्रकार जनरल सचिव के लिए मनो. रंजन कालिया को भी सर्वसम्मति से चुना गया. इस अवसर पर एसोसिएशन के सदस्यों ने नवनियुक्त प्रधान डा. हरमेश पुरी को अपनी टीम का गठन करने के अधिकार भी सौंपे. डा. हरमेश पुरी ने आभार जताते हुए कहा जो जिम्मेदारी उन्हे दी गयी है उस पर खरा उतरने के लिए हरसंभव प्रयास करते रहेंगे. उन्होने कहा कि एसोसिएशन को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी का सहयोग अनिवार्य है. उन्होने आश्वाशन दिया अपनी टीम का गठन करके जिला बॉडी की घोषणा करेंगे. इस अवसर पर नवांशहर, बंगा, बलाचौर, मुकंदपुर, राहों आदि के अतिरिक्त प्रदेश बॉडी के सदस्य भी उपस्थित थे.


–हंसराज मेहता मो॰ 9814132529






## समस्त व्यापारी ध्यान दें

भारत सरकार के गजट संख्या 5980 दिनांक 03.12.2018 के अनुसार नेबुलाइजर, बी पी मॉनिटर, डिजिटल थर्मामीटर, ग्लूकोमीटर को दवाओं की कैटेगरी में लेते हुए दिनांक 01 जनवरी 2020 से पंजीकृत दवा व्यापारियों, ड्रग लाइसेंस धारक द्वारा ही बेचा जा सकेगा. साथ ही इनकी गुणवत्ता को मानक के अनुसार बनाये रखना होगा. – मनोज मिश्रा जी, मो॰ 9919247731






## सर्दियों में क्यों बढ़ जाता है जोड़ों का दर्द ? ये होते हैं कारण

सर्दी, जोड़ों के दर्द से परेशान लोगों की समस्या को और बढ़ा देती है. इस मौसम में ब्लड अच्छी तरह से संचरित नहीं हो पाता है और शरीर के अगले भागों में खून का बहाव बहुत कम हो जाता है. यही कारण है कि सर्दी के मौसम में एक छोटी सी चोट भी तेज और चुभन वाला दर्द पैदा कर सकती है. बैरोमीटर के दबाव, बदलाव होने से जोड़ों में सूजन हो सकती है. ज्यादा तला भुना खाने, व्यायाम न करना और डिहाइड्रेशन एस समस्या को और बढ़ा देते हैं. सर्दी के मौसम में जोड़ों में दर्द की परेशानी काफी ज्यादा हो सकती है. मौसम से संबंधित जोड़ों का दर्द आमतौर पर ऑस्टियोआर्थराइटिस और रुमेटाइढ गठिया से पीड़ित रोगियों में देखा जाता है और यह आमतौर पर कूल्हों घुटनों कोहनी कंधों और हाथों को प्रभावित करता है. **सर्दियों में जोड़ों का दर्द बढ़ने के कारण :** सर्दियों में शरीर हार्ट के पास के ब्लड को गर्म रखना चाहता है और इसके कारण जाइंटस में ब्लड का सर्कुलेशन कम हो जाता है. इसके कारण जोड़ों में अधिक दर्द जकड़न होती है. सर्दियों में उन लोगों को जोड़ों में अधिक दर्द होता है जिन्हें पहले कभी आर्थोपेडिक संबंधी चोट लगी है, फ्रैक्चर चा मोच की समस्या हुई हो या जिनकी हड्डियों को जोड़ा गया हो. 1. **नसों में खिंचाव आना :** बारिश और सर्दी में एटमॉसफेरिक प्रेशर यानी वायुमंडलीय दबाव कम हो जाता है. इससे जोड़ों में सूजन बढ़ने लगती है. ये जोड़ टखने, घुटने नितम्ब रीढ़ उंगलियों या शरीर के किसी भी हिस्से के हो सकते हैं. कई बार ये सूजन अंदरूनी होती है. सूजन आने से नसों में खिंचाव पैदा होता है. वे नाजुक हो जाती हैं. 2. **जोड़ों का कसाव:** गर्मी में चीजें फैलती हैं और ठंड में सिकुड़ती हैं. अगर जीवनशैली सुस्त है तो जोड़ों के ऊपर ठंड का असर ज्यादा पड़ता है. कोशिकाएं और मांसपेशियां सिकुड़ने लगती हैं. जोड़ कठोर हो जाते हैं. उनके लचीलेपन में कमी आती है. 3. **मिलता है कम ऑक्सीजन:** सर्दी के दौरान खून की धमनियां संकुचित हो जाती हैं, जिससे खून का प्रवाह सामान्य ढंग से नहीं हो पाता. शरीर के विभिन्न अंगों तक खून पानी और ऑक्सीजन की पूर्ति कम हो जाती है. इसकी वजह है कि खून में हिमोग्लोबिन होता है, जो ऑक्सीजन को एक जगह से दूसरी जगह तक ले जाता है.




## Medlife FY19 Losses Surge 145% To Rs 404 Crore

In August, Medlife appointed former Myntra CEO Ananth Narayanan as CEO and cofounder, with a mandate to head day-to-day operations, raise funds and oversee mergers and acquisitions at the firm.Medlife FY19 losses surge 145% to Rs 404 crore India's largest e-pharmacy company, Medlife, posted 165% growth in revenue to Rs 363 crore in the year ended March 31, 2019, while losses surged by 145% to Rs 404 crore. The company, run by the family behind pharmaceutical major Alkem Laboratories, saw healthy revenue growth, but expenditure on advertising and employee expenses shot up significantly during the year, according to regulatory filings ET has accessed. The company's advertising promotional expenses shot up to Rs 128 crore from Rs 35 crore a year earlier, while employee benefits nearly doubled to Rs 107 crore. In August, Medlife appointed former Myntra CEO Ananth Narayanan as CEO and cofounder, with a mandate to head day-to-day operations, raise funds and oversee mergers and acquisitions at the firm. Medlife, which competes with multiple e-pharmacies including 1mg, Netmeds, PharmEasy, was founded in 2014 by Tushar Kumar, son of Prabhat Narain Singh, one of the founders of Alkem Laboratories, and Prashant Singh.India's pharmacy market is pegged at Rs 1,20,000 crore, of which e-pharmacy is about Rs 700-Rs 800 crore and continues to grow at a fast clip.

**- Satish Sethi,**
**Mob:- 6396782575**




## सरकारी डॉक्टर्स का एन पी ए बन्द करने की सिफारिश मिल सकती है निजी प्रैक्टिस की मंजूरी

स्वास्थ्य विभाग का खर्च कम करने के लिए वित्त विभाग ने पंजाब सरकार को प्रस्ताव दिया है कि डॉक्टरों को मिलने वाला नॉन प्रैक्टिस अलाउंस बंद किया जाए. डॉक्टर चाहें तो ड्यूटी के बाद अपने घर या कहीं भी प्राइवेट प्रैक्टिस कर सकते हैं. एनपीए बंद होने से सरकार को 152.53 करोड़ रुपये की बचत होगी. कैप्टन सरकार के 2002-07 के कार्यकाल में भी यह कवायद हुई थी, लेकिन बाद में डॉक्टरों के विरोध के चलते सरकार को इसे वापस लेना पड़ा था. अब फिर से उसी प्रस्ताव को संशोधन के साथ लाया गया है. इसके तहत प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टरों को प्रति मरीज 300 रुपये फीस लेने की अनुमति होगी. अगर वे इसके लिए सरकारी अस्पताल परिसर का इस्तेमाल करते हैं तो फीस का एक हिस्सा सराकर को देना होगा. सरकार इस पैसे का उपयोग कैंसर रिलीफ फंड सरकारी अस्पतालों का इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने में करेगी. प्रस्ताव पर अंतिम मुहर नहीं लगी है. पिछले दिनों मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के साथ वित्त व अन्य विभागों के सीनियर अधिकारियों के साथ हुई मीटिंग में यह प्रस्ताव पेश किया गया. मुख्यमंत्री सभी विभागों के प्रस्तावों को सुन रहे थे, इसलिए उन्होने अभी किसी पर कोई फैसला नहीं दिया. काबिले गौर है कि एलोपैथी डॉक्टरों के अलावा होम्योपैथी आयुर्वेदिक और वेटरनरी डॉक्टरों को भी एनपीए मिलता है.

**- संदीप कुमार, मो॰ 9417674665**




## दवा विक्रेताओं को समर्पित चन्द लाईने



ना किसी के ख्वाबों मे मिलेंगे,
ना किसी के अरमान में मिलेंगे,
हमेशा आ जाना प्रिये
हम हमेशा दुकान में मिलेंगे.
गर्मी, सर्दी, बरसात यूँ गुजर जाती है,
नींद भी पूरी होती नहीं
न जाने रात कब गुजर जाती है.
होली, दिवाली, नवरात्री,
31 पर भी हम काम में मिलेंगे,
तुम हमेशा आ जाना
प्रिये हम हमेशा दुकान में मिलेंगे.
जमाने भर की खुशियों से अलग है हम,
लोगो को लगता है गलत है हम,
बीमार होकर भी ठीक रहती है तबियत हमारी,
कोई आजकल पूछता भी नहीं खैरियत हमारी,
कभी माल छोड़ने, तो कभी बैंक,
या कभी ट्रैफिक के जाम में मिलेंगे,
तुम हमेशा आ जाना प्रिय हम हमेशा दुकान में मिलेंगे.

**- Reetesh Kumar Sarawagi**
**Mob:- 9926326444**





## दुनिया में लगभग 3 हजार करोड़ की हानि और 10 लाख लोगों की जान जाती हैं मेडीकल पेशे की गलतियों से

प्राप्त जानकारी से, विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार विश्व में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के दौरान मेडीकल पेशे की भूलों से 40 प्रतिशत लोगो की जान जाती हैं. रिपोर्ट मरीजों की सुरक्षा पर केंद्रित है. बीमारी की पहचान और दवाइंया देने में भूलों से हर वर्ष लगभग 3 हजार करोड़ रुपए से अधिक की हानि होती है. सर्जरी के दौरान पेचीदा स्थितियों से विश्व में हर साल 10 लाख मरीजों की मौत होती है. इंस्टीट्यूट को मेडीसिन और समाज के संबंधों की पड़ताल का विशेषज्ञ माना जाता है. रिपोर्ट का शीर्षक है, गलतियाँ करना मानव का स्वभाव है. एक रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका मे बीस वर्ष बाद भी स्थिति में अधिक सुधार नही हुआ है. दरअसल अमेरिका सहित कई देशों में मरीजों की सुरक्षा से जुड़े कई पहलू क्लीनिकल मैनेजरों और प्रशासकों के हाथ में हैं. चिकित्सा क्षेत्र में मानवीय भूल मनोविज्ञान और इंजीनियरिंग की समस्या है. यह पूरी तरह मेडिसिन की समस्या नही हो सकती हैं. यह एक चिंता. जनक मामला हैं.

## ठंड में ये साढ़े तीन मिनट पड़ सकते हैं हृदय पर भारी

मैं यह कह रहा हूँ कि इस भीषण ठंड में जिनकी आयु 45 वर्ष से अधिक है, उन्हें रात में 10 बजे सोने के बाद से जब भी बिस्तर से उठे, तब एकदम नही उठना चाहिए क्योकि ठंड के कारण शरीर का ब्लड जम जाता है. इसलिए ब्लड हार्ट तक नहीं पहुँच पाता और शरीर छूट जाता है. 45 वर्ष से अधिक के लोगों की हृदयगति रुकने से दुर्घटनायें अत्यधिक होती पाई गई हैं, इसलिए हमें सावधानी बरतने की आवश्यकता है. हर एक व्यक्ति को इसी साढ़े तीन मिनट में सावधानी बरतनी चाहिए. यह समय बहुत महत्वपूर्ण है. यही साढ़े तीन मिनट अकस्माक होने वाले मौतों की संख्या कम कर सकते हैं. जब-जब ऐसी घटना हुई हैं, परिणाम स्वरूप तंदुरूस्त व्यक्ति भी रात में ही मृत पाया गया हैं. ऐसे लोगों के बारे में हम कहते हैं, कि कल ही हमने इनसे बात की थी. ऐसा अचानक क्या हुआ? यह कैसे मर गया? इसका मुख्य कारण यह है कि रात मे जब भी हम मूत्र विसर्जन के लिए जाते हैं, तब अचानक या ताबड़तोड़ उठते हैं, परिणाम स्वरूप मस्तिष्क तक रक्त नही पहुंचता है. यह साढ़े तीन मिनट बहुत महत्वपूर्ण होते हैं. मध्य रात्रि जब हम पेशाब करने उठते है तो हमारा ईसीजी का पैटर्न बदल सकता है. इसका कारण यह है, कि अचानक खड़े होने पर मस्तिष्क को रक्त नहीं पहुच पाता और हमारे ह्रदय की क्रिया बंद जो जाती है. साढ़े तीन मिनट का प्रयास एक उत्तम उपाय है. 1. नींद से उठते समय आधा मिनट गद्दे पर लेटे हुए रहिए. 2. अगले आधा मिनट गद्दे पर बैठिये. 3. अगले आधा मिनट पैर को गद्दे के नीचे झूलाते छोड़िये. साढ़े तीन मिनट के बाद आपका मस्तिष्क बिना खून का नहीं रहेगा और हृदय की क्रिया भी बंद नहीं होगी. इससे अचानक होने वाली मौतें भी कम होंगी.

– **Dr. Ravi Khatri,** MBBS, MD, Jaipur Pain Hospital, julala jind
Mob:- 7357440000.






## अधिनियम 1948 में संशोधन करना चाहता है- AIOCD

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ऑल इंडिया केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (AIOCD), एक शीर्ष निकाय, जो पूरे भारत में 8.5 लाख केमिस्ट्स और ड्रगिस्टों का प्रतिनिधित्व करता है, ने प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) से फार्मेसी फार्मासिस्ट, 1948 में यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि सभी फार्मासिस्ट पंजीकृत हों. जम्मू और कश्मीर फार्मेसी अधिनियम, 2011 के तहत प्रस्तावित J & K फार्मेसी परिषद के तहत जारी और पंजीकृत रहेगा. जम्मू और कश्मीर के स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा फार्मेसी अधिनियम, 1948 की धारा 19 के तहत राज्य फार्मेसी परिषद का गठन करने की संभावना है, जो जम्मू के प्रख्यापन के मद्देनजर 31 अक्टूबर, 2019 से जम्मू और कश्मीर के केंद्र शासित प्रदेश में लागू हुआ. और कश्मीर री-ऑर्गनाइजेशन ऑर्डर 2019 और इस तारीख से केवल वे आवेदक जो फार्मेसी अधिनियम, 1948 के मामले में योग्यता रखते हैं, फार्मासिस्ट के रूप में पंजीकृत हो सकते हैं. चूंकि कई फार्मासिस्टों को मैट्रिकुलेशन योग्यता के आधार पर जम्मू और कश्मीर फार्मेसी अधिनियम, 2011 के तहत पंजीकृत किया गया है, जो केंद्रीय अधिनियम के तहत मान्यता प्राप्त नहीं है, क्योंकि उनके पंजीकरण को फार्मेसी अधिनियम, 1948 के तहत नवीनीकृत नहीं किया जा सकता है. इस मुद्दे को हल करने के लिए, जम्मू और कश्मीर के स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग को जम्मू और कश्मीर फार्मेसी अधिनियम के तहत पंजीकृत फार्मासिस्टों के हितों की रक्षा के लिए अधिनियम में विशिष्ट संशोधन करने के लिए भारत सरकार से बात करने के लिए कहा गया है, 2011 प्रशासनिक निर्णय लेकर मैट्रिक योग्यता के आधार पर और इस तरह के लाइसेंस धारकों (केंद्रीय अधिनियम के प्रावधानों के तहत पात्रता प्राप्त करने के लिए) को ऐसे लाइसेंस धारकों के लिए सांस लेने की अवधि का प्रावधान रखने पर विचार करना चाहिए, इस तथ्य के मद्देनजर इस तरह के लाइसेंसों का नवीनीकरण न होने से सभी प्रतिष्ठान बंद हो जाएंगे जिससे अराजकता हो सकती है और लाइसेंस धारकों को आजीविका के स्रोत के बिना छोड़ दिया जाएगा. जम्मू और कश्मीर पुन: संगठन (कठिनाइयों को दूर करना) आदेश, 2019 के खंड (14) के संदर्भ में, जम्मू और कश्मीर फार्मेसी अधिनियम, 2011 के तहत प्राप्त प्रमाण पत्र / पंजीकरण केंद्रीय फार्मेसी के संबंधित प्रावधानों के तहत मान्य माने जाएंगे, अधिनियम 1948 उनकी समाप्ति की तारीख तक. हालाँकि, इन पंजीकरणों / प्रमाणपत्रों का नवीनीकरण एक बाद की कार्रवाई है, जो कि फार्मेसी अधिनियम 1948 के तहत लागू नहीं की जा सकती, जब तक कि आवेदक उक्त अधिनियम के तहत निर्धारित योग्यता के अधिकारी न हों. एआईओसीडी के **महासचिव राजीव सिंघल, मो॰ 9425056394** ने कहा, फार्मेसी एक्ट, 1948 की धारा -30 की उपधारा (1) के अनुसार जम्मू-कश्मीर फार्मेसी अधिनियम, 2011 के तहत पंजीकृत फार्मासिस्टों के पहले रजिस्टर को तैयार करने के लिए कदम उठाने की जरूरत है. – **सतीश सेठी, मो॰ 6396782575.**

## स्मोकिंग छोड़ने के 10 तरीके



सिगरेट छोड़ने की 1 तारीख तय करें और उस पर कायम रहे स्थिति के बारे में कम से कम 3 लोगों को बताएं इसके साथ ही उस कार्य योजना का भी एक खाका तैयार कर लें जिस पर सिगरेट छोड़ने के बाद आपको अमल करना है. उस तारीख के बाद कुछ दिनों के लिए खुद को इतना व्यस्त कर लें कि सिगरेट का ख्याल भी मन में न आये, अपने तमाम ऐशट्रे, सिगरेट लाइटर और सिगरेट को घर के बाहर फेंक दें, खूब ढेर सारा पानी पीयें , ऑफिस या घर में अपने पास पानी या जूस का गिलास रखें, तलब लगते ही उसे पी जाएँ. अपनी शारीरिक सक्रियता बढ़ा दें, कुछ दिनों के लिए कार और बस का कम इस्तेमाल करें. इसी तरह लिफ्ट से जाने के बजाय सीढ़ियों से चढ़ें, व्यायाम आपको सिगरेट की तलब से दूर रखेगा सिगरेट का विड्रॉल यानी छोड़ने के लक्षण कुछ लोगों को चिड़चिड़ा और गुस्से वाला बना देते हैं. विड्रॉल के लक्षण आपको कुछ दिन के लिए परेशान करेंगे, आत्मविश्वास को बनाए रखें, अपनी दिनचर्या में थोड़ा बदलाव लाएं. उन लोगों से कुछ दिनों के लिए मिलना जुलना छोड़ दें जो आपको सिगरेट ऑफर करते हैं. उस दुकान के सामने से भी न गुजरे जहां भरा सिगरेट का धुआं आपकी प्रतिज्ञा को तार-तार कर सकता है. कोई एसक्यूज नहीं किसी भी हालात में एक भी सिगरेट नहीं. जहां एक भी पी फिर दूसरी और तीसरी के साथ आप फिर से सिगरेट पीने लगेंगे. सिगरेट की लत छोड़ने से जो पैसे बचें उनसे अपने या बच्चों के लिए सामान खरीदें, इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा. कुछ दिन के लिए अपने खान-पान पर भी नियंत्रण रखें, तला भुना या मसालेदार नॉनवेज से बचें, क्योंकि ऐसा खाना खाने से सिगरेट पीने की तलब होती है. बिना सिगरेट हर दिन गुजारना आप आपकी सेहत आपके परिवार और आपकी जेब के लिए बड़ी खबर है. अपना आत्म विश्वास को बनाए रखें. ध्यान दें- शराब, सिगरेट और तम्बाकू से कैंसर होता हैं.

– **प्रवीण शर्मा, मो॰ 9456824705**

## टॉप बायोसिलिमर कैंसर ड्रग्स की कीमत नियन्त्रण में आ सकती है

विश्व स्वास्थ्य संगठन के आवश्यक दवाओं की संशोधित सूची से संकेत लेते हुए, कैंसर के इलाज के लिए लोकप्रिय बायोसिमिलर जैसे कि बेवाकिजुमैब या ट्रैस्टुजुमाब और इम्यूनोथेरेपी जैसे उपचार भारत की आवश्यक राष्ट्रीय सूची NLEM की संशोधित सूची में शामिल हो सकते हैं, जिससे ऑन्कोलॉजी दवाओं का एक नया सेट लाया जा सकता है. मूल्य नियंत्रण के तहत उपचार, और अधिकारियों को पता है. ऑन्कोलॉजी पर एक विशेषज्ञ समूह, जिसे मिलने के लिए स्लेट किया गया है, इनको NLEM में जोड़ने पर विचार कर रहा है, विशेषज्ञों में से एक ने ET को बताया। एनएलईएम सूची में ड्रग्स को शामिल करने या बाहर करने के लिए हर 3 साल में समीक्षा की जाती है. "ऑन्कोलॉजी ड्रग्स, थेरेपी पर सूची को अंतिम रूप देने के लिए देश भर के ऑन्कोलॉजी के विशेषज्ञ कल एकत्रित हो रहे हैं. उन्नत कैंसर वाले लोगों में परिणामों में सुधार करने की क्षमता के साथ कैंसर पर नए उपचार हैं और इसलिए आवश्यक दवाइयों की सूची में बायोसिमिलर शामिल हो सकते हैं, अगर कोई सहमति है, "अधिकारियों में से एक ने कहा, जो विशेषज्ञ समिति का हिस्सा है. उन्होंने कहा, NLEM पर इम्युनोथैरेपी को शामिल करने की आवश्यकता है या नहीं, इस पर एक अलग सत्र होगा. विशेषज्ञ कैंसर के उपचार के इन नए क्षेत्रों पर सक्रिय रूप से चर्चा करेंगे, "इस अधिकारी ने कहा, नाम न छापने की शर्त पर बात करना क्योंकि अभी भी मामले को अंतिम रूप दिया जा रहा है. भारत के लिए, नए कैंसर उपचारों को शामिल करने का महत्व है क्योंकि डेटा बताता है कि भारत हर साल कैंसर से 7,00,000 लोगों की जान गंवाता है. बायोकॉन, डॉ रेड्डीज, कैडिला हेल्थकेयर और रिलायंस लाइफसाइंसेज जैसी कंपनियां कुछ ऐसी हैं जो सक्रिय रूप से बायोसिमिलर बाजार पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं. यह सुनिश्चित करने का सरकार का प्रयास है कि ये नई चिकित्साएँ पर्याप्त संख्या में उपलब्ध हों, सुनिश्चित गुणवत्ता और विनियमित कीमतें अधिक दवाआ. ` पर कैप ट्रेड मार्जिन के अपने कदम के अनुरूप हैं. वर्तमान में 57 एंटी-कैंसर दवाएं NLEM पर हैं. इसके अलावा, 42 गैर-अनुसूचित एंटी-कैंसर दवाएं, जो NLEM पर नहीं हैं, को पिछले साल मूल्य विनियमन के लिए 30% तक की बिक्री मूल्य पर व्यापार मार्जिन को सीमित करके चुना गया था. महत्वपूर्ण दवाओं पर मुनाफाखोरी पर अंकुश लगाने की मांग के कारण कैंसर दवाओं की कीमतों में 85% की कमी आई है, जिसमें 72 योगों और 355 ब्रांडों को शामिल किया गया है, जैसे कारफिलजोमिब, एर्लोटिनैब, पेमेट्रेक्स्ड, एपिरुबिसिन और लीवरोलाइड एसीटेट. फरवरी में होने वाली बैठक में विभिन्न हितधारकों के सामने NLEM के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए नए उपचारों को एक बार फिर रखा जाएगा. WHO ने नई दवाओं की सूची में पांच कैंसर उपचारों को शामिल किया, जिन्हें मेलेनोमा, फेफड़े, रक्त और प्रोस्टेट कैंसर के इलाज के लिए जीवित रहने की दर के मामले में सबसे अच्छा माना जाता है.

– **नूर मौहम्मद खान, मो॰ 9456269821**

## नेताओं के तमाशा को धैर्यपूर्वक देखें – एक व्यंग

देश और प्रदेश के नेताओं को शुभकामनाएं..... उनकी वजह से थोक और रिटेल का लाइसेंस 3000 की सरकारी फीस पर बन रहा है. कंपनियाँ थोक दवा विक्रेता की 100 एक्सपायरी सेटल कर रही हैं.. इसीलिए थोक विक्रेता रिटेलर्स को 100 एक्सपायरी सेटलमेंट कर रहे हैं. फार्मासिस्ट की अनिवार्यता हमारे नेताओं ने सरकार से लड़-लड़ कर और बाजार बंदी करा-करा कर समाप्त करा दी है. ऑनलाइन दवा बेचने वालों को दवा नहीं बेचने देंगे... रिटेलर्स के ग्रुप बना-बना कर डाटा बेस इकट्ठा कर के कोशिश करेंगे कि अच्छे पैसों में बिक जाए वो पैसा इस बार नेता अकेले नहीं खाएंगे... सब केमिस्टों को बराबर बांटा जाएगा इस बार... इसलिए सभी केमिस्टों से उम्मीद की जाती है कि नेताओं के तमाशे को शांति और धैर्य पूर्वक देखें. **भोली गोपी, मो॰ 9219612882**

## जनवरी व फरवरी माह के त्यौहार

| | |
|---|---|
| 10.01.2020 | पौष पूर्णिमा, शाकम्भरी पूर्णिमा, चन्द्र ग्रहण, पूर्णिमा उपवास, अरुद्र दर्शन |
| 11.01.2020 | माघ प्रारम्भ |
| 13.01.2020 | संकष्टी चतुर्थी, सकट चौथ |
| 14.01.2020 | लोहड़ी |
| 15.01.2020 | पोंगल, मकर संक्रान्ति |
| 16.01.2020 | माघ बिहु |
| 17.01.2020 | स्वामी विवेकानन्द जयन्ती, कालाष्टमी |
| 20.01.2020 | षटतिला एकादशी |
| 22.01.2020 | प्रदोष व्रत, मेरु त्रयोदशी |
| 23.01.2020 | मासिक शिवरात्रि, सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती |
| 24.01.2020 | माघ अमावस्या, दर्श अमावस्या, मौनी अमावस, थाई अमावसाई |
| 25.01.2020 | गुप्त नवरात्रि प्रारम्भ |
| 26.01.2020 | चन्द्र दर्शन, गणेश जयन्ती |
| 29.01.2020 | वसन्त पंचमी |
| 30.01.2020 | स्कन्द षष्ठी |
| 01.02.2020 | रथ सप्तमी, नर्मद्रा जयन्ती |
| 02.02.2020 | भीष्म अष्टमी, मासिक दुर्गाष्टमी |
| 03.02.2020 | मासिक कार्तिगाई |
| 04.02.2020 | रोहिणी व्रत |
| 05.02.2020 | जया एकादशी |
| 06.02.2020 | भीष्म एकादशी |
| 07.02.2020 | प्रदोष व्रत |
| 08.02.2020 | थाई पूसम |
| 09.02.2020 | माघ पूर्णिमा, पूर्णिमा उपवास, गुरू रविदास जयन्ती, ललिता जयन्ती |
| 10.02.2020 | फाल्गुन प्रारम्भ |

## Happy Birthday

| D.O.B. | NAME | FIRM | MOB. | CITY | STATE |
|---|---|---|---|---|---|
| 10.01.69 | SH. DR.ARVIND K.R. SINGH JI | MEDICAL AGENCY | 9336897407 | KANNAUJ | UTTAR PRADESH |
| 15.01.68 | SH. AKHILASH KUMAR SRIVASTAVA JI | PURVANCHAL PHARMA | 9450248591 | JAUNPUR | UTTAR PRADESH |
| 15.01.70 | SHRI ASHWIN KUMAR JI | PHARMA LINK | 9431094446 | PATNA | BIHAR |
| 17.01.61 | SHRI ABHAY N. BORAD JI | SWAGAT MEDICAL STORE | 9422859947 | SATANA | MAHARASHTRA |
| 18.01.54 | SHARI ASHOK MEHRA JI | PIONEER MEDICAL STORE | 9837038302 | MUSSOORIE | UTTRAKHAND |
| 19.01.80 | SHRI AASHISH VIRMANI JI | SUBHASH BRO.& MEDICAL STORE | 9837187230 | HARIDWAR | UTTRAKHAND |
| 23.01.66 | SHRI AJAY AGARWAL JI | AJAY MEDICAL STORE | 9452031869 | CHITRKUT | UTTTAR PRADESH |
| 24.01.72 | SHRI ASHOK DAWAR JI | DADA DISTIRIBATORS | 9855002800 | LUDHNIANA | PUNJAB |
| 30.01.70 | SHRI AJEET KUMAR AGARWAL JI | SAROUR SPECILITY | 9219506076 | DHARADON | UTTRAKHAND |
| 02.02.56 | SHRI ASHOK KUMAR GUPTA JI | GUPTA CLINIC | 9719973626 | BUDHNAGAR | UTTAR PRADESH |
| 04.02.76 | SHRI AMIT KESHRI JI | NEW KESHRI DISTIBUTER | 9470465396 | PATNA | BIHAR |
| 05.02.74 | SHRI ARVIND KUMAR JI | TRUPATI MEDICAL AGENCY | 9431829410 | ARWAL | BIHAR |
| 06.02.70 | SHRI ASHWANI KUMAR JI | INDIA MEDICAL AGENCY | 9896527777 | BHIWANI | HARYANA |
| 06.02.80 | SHRI ASHISH KUMAR GUPTA JI | JAGDAMBA PHARMA | 9415807390 | VARANSI | UTTAR PRADESH |
| 08.02.76 | SHRI ASHOK THAPLIYAL JI | UPASANA AGEANCY | 9634058626 | RAIPUR | CHHATTISGARH |
| 09.02.76 | SHRI ANURAG A. LAHOTI JI | SHREE GANESH MEDICAL | 9822501384 | JALGAON | MAHARASHTRA |
| 10.02.72 | SHRI ARVIND KAPIL JI | KAPIL MEDICAL | 9761698806 | DHARADON | UTTRAKHAND |
| 10.02.77 | MOHD. ASIM | MOHD PEERHHAN | 9319915110 | GULAOTHI | UTTAR PRADESH |

मैडीकल दर्पण मीडिया हाऊस की तरफ से आप सभी को जन्म दिन की हार्दिक शुभकामनायें

# FORTH COMING EVENTS

**January 23-26, 2020** MASICON Amravati 2020 Amravati, Maharashtra, India. The MASICON Conference is themed as From Traditions to Trends and will provide the attendees with the opportunity to gain insights relating to the basic principles of surgery up to the prevailing trends and the modern concepts in surgery. It will be held at Hotel Mehfil Inn, Amravati, India. For details contact: Corp Con Events, Plot No. 7, Opp Ramayana Cultural Hall , Above Take Away Hotel, Ulkanagari, Aurangabad - 431005, India. Tel.: **+91-942-2209890** and/ or **+91-9130090435, E-mail: masicon20@gmail.com ; Website: www.masicon2020.com**

**January 24-26, 2020** Autism Conference 2020 Muscat, Oman. The objective of the conference is to improve technical skills, boost international awareness and enhance collaborations and exchange of ideas. Over the duration of the conference, the suggested themes will be tackled by the proposed international, regional and local experts. It will be held in Muscat, Oman. For details contact: K.I.T. Group Middle East FZ LLC, Association & Conference Management, P.O. Box 77893, Abu Dhabi, UAE. **Tel.: +971-2-245-0057, Mob.: +971-55- 295-0283, E-mail: ksantos@kitgroup.org ; Website: www.kitgroup.org**

**January 27-30, 2020** Arab Health 2020 Dubai, UAE. Arab Health is the International Hospital, Medical Equipment, and Services Exhibition & Conference. It is a great opportunity where you can access all kinds of medical products, innovations, and services under one roof. It will held at Dubai World Trade Centre, Dubai, UAE. For details contact : Informa PLC, 5 Howick Place, London, SW1P 1WG, UK. Tel.: **+44 (0) 20 7017 5000, Email: arabhealth@informa.com ; Website: www.arabhealthonline.com**

**February 3-6, 2020** Medlab Middle East 2020 Dubai, UAE Medlab Middle East is a leading laboratory and flagship exhibition and conference going to be held at Dubai International Convention & Exhibition Centre, Dubai, UAE. For details contact: Informa Markets, 5 Howick Place, London SW1P, 1WG, UK. Tel.: **+971-4-4072488, E-mail: medlabcongress@informa.com Website: www.medlabme.com**

**February 3-7, 2020** APMC Hyderabad 2020 Hyderabad, India. The APMC – an international event is organized every four years under the auspices of CAPSM–Committee of Asia-Pacific Society for Microscopy (comprising of 17 countries). It will be held at Novotel Hyderabad Convention Centre, Hyderabad, India. For details contact: Blitz Events and Exhibition Pvt. Ltd., 156/A, MLA Colony, Banjara Hills, Road # 12, Hyderabad-500034, India. **Tel.: +91-9848055227, E-mail sp@blitzgroup.in ; Website: http://www.apmc12.in**

**February 7-8, 2020** Professional Dentistry London 2020 London, UK. Professional Dentistry London features a display of products such as laboratory equipment, dental design, complete design and print service, temporization and vitique for ceramic cementation and much more. With its priority agenda, covering the latest knowledge updates and trends, this content-led education programme is a key feature at Professional Dentistry. It will be held at Olympia London, London, UK. For details contact: Practice Enterprise Ltd., Macmillan Building, Parcel Terrace, Derby, DE1 1LY, U.K. **Tel.: +44 1332 226590, Email: enquiries@ prodentistry.co.uk ; Website: https://www.professionaldentistry.co.uk/ events/uk-dental-congress**

